# 1 प्रकाश पुंज

## आओ अभ्यास करें

*कविता से*

**1. उत्तर लिखो–**

i. जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य पर पहुँचने तक बिना रूके आगे बढ़ते रहना चाहिए।

ii. हमें अपने हक (अधिकार)की प्राप्ति के लिए लड़ना चाहिए।

iii. दूसरों की सेवा और सहायता करके पापों से मुक्त हुआ जा सकता है।

iv. जो पीछे नहीं हटते हैं अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं बाधाओं से नहीं डरते हैं वही वीर होते हैं।

v. कविता का संदेश है कि हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ती तक मार्ग में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए विपदाओं से लड़ते हुए परोपकार की भावना के साथ बिना डरे आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**2. समझकर लिखो–**

i. बीते हुए कल का पछतावा कभी नहीं करना चाहिए क्योंकि जो चला गया समय है वह लौटकर नहीं आता है। और आने वाले समय की चिंता करके अभी से बैठना भी अच्छा नहीं है। क्योंकि वर्तमान में किया गया कार्य ही भविष्य बनाता है।

ii. हम परोपकार की भावना रख देश का विकास कर खुद प्रकाश के पुंज बन सकते हैं।

**3. अपनी समझ से उत्तर दो–**

i. हम सब मनुष्य है और मानव या इन्सान की एक ही जाती है मनु की संतान मानव और एक ही कर्म और धर्म है मानवता या इंसानियत यह भारत के हर एक नागरिक की भावना है। इसलिए हम केवल हिन्दुस्तानी हैं।

ii. ईश्वर द्वारा दिए गए जन्म को परोपकार और सहयोग की भावना से सफल बना सकते हैं।

iii. देश पर कोई विपदा आना ही दुख की बदली हो जाना है।

iv. जब हम अपने देश में रह कर एक दूसरे का परस्पर सहयोग करेंगे तथा सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए आगे बढ़ेंगे। अपने अच्छे विचारों से पीछे नहीं हटेंगे तो हम सच्चे वीर ही हो सकते हैं।

**4. दीपक की कहानी को आगे बढ़ाओ–**

**मैं एक दीपक हूँ।** एक छोटा सा दीपक जो कभी अपने स्वार्थ के लिए नहीं जलता। मैं तो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश दिखाकर उन्हें मार्ग दिखाता हूँ। मैं अपने हृदय में परोपकार की भावना लिए जलता रहता हूँ। अंधकार में एक छोटा सा प्रकाश पुंज

बनकर पथिकों की सहायता करता हूँ। मैं अंधकार से प्रति पल लड़ता रहता हूँ। मैं ना हिन्दू हूँ ना सिक्ख न मुस्लिम न ही ईसाई मैं जाति, धर्म, को नहीं मानता मैं सभी बुरी भावनाओं को छोड़कर मात्र परोपकार की भावना से जलता रहता हूँ। मैं प्रकाश का पुंज हूँ।

**5. प्रतिपल का उपयोग करते हुए आप भी दो वाक्य बनाओ–**

i. प्रतिपल सहास के साथ आगे कदम बढ़ाओ।

ii. रुको नहीं डरो नहीं प्रतिपल आगे बढ़ते जाओ।

***भाषा-बोध***

**1. विलोम शब्द लिखो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जीवन | — | **मृत्यु** | अंधकार | — | **प्रकाश** |
| आगे | — | **पीछे** | सच्चे | — | **झूठे** |
| रुको | — | **चलो** | वीर | — | **कायर** |
| सफल | — | **असफल** | दु:ख | — | **सुख** |

**2. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

माता — **माँ, जननी, अम्बा**

ईश्वर — **भगवान, ईश, कृपालू**

वीर — **बहादुर, साहसी, शूर**

सूरज — **रवि, भानू, भास्कर**

***क्रियात्मक-कार्य***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 2 आइज़क न्यूटन

## आओ अभ्यास करें

***पाठ से***

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

i. पृथ्वी प्रत्येक चीज को अपनी ओर खींचती है। नयूटन ने सबसे पहले इस बात का पता लगाया और उसे वैज्ञानिक आधार दिया।

ii. न्यूटन का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था।

iii. पढ़ाई–लिखाई में न्यूटन कमजोर था।

iv. वह शहर जाकर अपनी माँ की सहेली के घर पहुँच जाता, अलमारी टटोलता ओर किताबें निकालकर पढ़ने लगता।

v. उसने बारह साल की आयु में एक हवाई चक्की बनाई।

**2. रिक्त स्थान भरो–**

i. **पृथ्वी** प्रत्येक चीज को अपनी ओर खींचती है।

ii. **विज्ञान** के अधिकतर नियम न्यूटन ने ही बनाए हैं।

iii. न्यूटन ने **प्रकाश** की गति को नापा, **नक्षत्रों** की गति समझी और **गणित** की गुत्थियाँ सुलझाईं।

iv. बारह साल की आयु में न्यूटन ने एक **हवाई चक्की** बनाई, जो पानी से चलती थी।

v. जो विज्ञान के क्षेत्र में काम करे, वह **वैज्ञानिक** कहलाता है।

**3. उत्तर लिखो–**

i. आज का विज्ञान न्यूटन की ही खोजों पर खड़ा है। विज्ञान के अधिकतर नियम न्यूटन के ही बनाए हुए हैं। न्यूटन को जाने बिना विज्ञान की बातें अधूरी रह जाती हैं। इसी कारण उन्हें विज्ञान जगत के पिता कहते हैं।

ii. न्यूटन बचपन से ही सीधा-साधा था। वह शर्मिला था, कम बोलता था और शेर से घबराता था।

iii. उसकी माता ने उसकी लगन देखी और उससे प्रभावित होकर उन्होंने उसे पढ़ाने की जिम्मेदारी ले ली। खेती का काम बंद करवा दिया। इस तरह न्यूटन घर पर ही पढ़ने लगा। एक साल पश्चात् उसे दोबारा स्कूल भेजा गया।

iv. न्यूटन ने हवाई चक्की, पानी से चलने वाली घड़ी, अजीब पतंग आदि चीजें बनाईं।

v. अपनी बचपन की जोड़-तोड़ करने वाली आदत के बल पर न्यूटन ने बड़ी-बड़ी खोजें की।

*भाषा-बोध*

**1. नीचे शब्द और उनके अर्थ लिखे हैं किंतु वे आमने-सामने नहीं हैं। रेखा खींचकर शब्दों को सही अर्थ से मिलाओ–**

| | |
|---|---|
| • बाल्यावस्था | • हरेक |
| • प्रत्येक | • शौक |
| • गति | • संसार |
| • रुचि | • बाद में |
| • जगत | • बचपन |
| • पश्चात् | • चाल |

**2. पढ़ो और समझकर लिखो–**

i. जोड़-तोड़ = जोड़ और तोड़

ii. सीधा-सीधा = सीधा और साधा

**3. दो-दो शब्द बनाओ–**

**रुमाल, रुकना**

**स्वच्छ, स्वच्छता**

**ज्ञान, ज्ञानी**

**प्रकाश, प्रणाम**

**4. इन समान उच्चारण वाले भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ समझो और अंतर स्पष्ट करते हुए वाक्य बनाओ–**

i. विद्यालय के चारो **ओर** वृक्ष हैं।
राम **और** श्याम मित्र हैं।

ii. आज सोमवार का **दिन** है।
राम **दीन**–हीन व्यक्ति है।

**5. पठकर समझो–**

पाठ में से **अनुस्वार** वाले पाँच शब्द छाँटकर लिखो—

**प्रारंभ** **नंबर** **देहांत** **माँ** **कंडील**

**6. नीचे दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले शब्द वर्ग-पहेली में से ढूँढ़कर लिखो–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खू | उ | नी | र | प |
| ब | प | रि | धा | न |
| सू | व | खु | ज़ | भी |
| र | न | श | रू | त |
| त | ड़ | भो | र | र |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह | – | **भोर** | प्रसन्न | – | **खुश** |
| पानी | – | **नीर** | अवश्य | – | **जरूर** |
| कपड़ा | – | **परिधान** | अंदर | – | **भीतर** |
| बगीचा | – | **उपवन** | सुंदर | – | **खूबसूरत** |

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 3 संगति का फल

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. पेड़ की डाल पर पहले कौआ बैठा था।

ii. राजा की चादर गंदी हो गई थी और राजा की चादर कौवे ने गंदी की।

iii. राजा स्वभाव से क्रोधी था।

iv. राजा ने निरपराध हंस को बाण मारकर घायल कर दिया।

v. कौए की जगह एक हंस आकर बैठ गया था।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. राजा एक विशाल पेड़ के नीचे आराम कर रहा था।

ii. राजा के ऊपर कौए ने बीट की और सजा हंस को मिली।

iii. राजा ने हंस पर अपना तीखा बाण चलाकर उसे घायल कर दिया।

iv. प्राण निकलने से पहले हंस ने कहा—''हे राजन्! दुष्टों की संगति नहीं करना, क्योंकि उनकी संगति का फल भी ऐसा ही होता है।''

v. इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि दुष्टों की संगति कभी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि मनुष्य जैसी संगति में रहता है वैसा ही बन जाता है।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) i. धनुष–बाण (ख) ii. कौआ (ग) iii. हंस

**4. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. गलत ii. सही iii. गलत iv. सही।

**5. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. राजा **धनुष बाण** सहित पैदल ही चल पड़ा।

ii. उस पेड़ की खाली डाली पर एक **कौआ** बैठा था।

iii. राजा स्वभाव से बड़ा **क्रोधी** था।

iv. राजा को अपने किए **अपराध** का बोध हुआ।

***भाषा-बोध***

**1. वाक्य शुद्ध करके लिखो–**

**उत्तर–** i. एक दिन वह **धनुष**–बाण सहित पैदल ही चल पड़ा।

ii. पेड़ की डाली पर एक **कौआ** बैठा था।

iii. राजा स्वभाव से बड़ा **क्रोधी** था।

iv. मैं तो निर्मल जल में रहने वाला **प्राणी** हूँ।

**2. शब्दों को पूरा करो–**

**उत्तर–** धनुष **प्रा**णी **ख**र्राटे **क्रो**धी **स्व**भाव **अ**पराध

**नि**र्मल **सं**गति दु**ष्टों**

**3. वाक्य के वचन बदलकर लिखो–**

**उत्तर–** राजा की चादर खराब हो गई। पेड़ पर कौए बैठे थे।

राजा के बाण तीखे थे। दुष्टों की संगति में नहीं रहना चाहिए।

प्राणियों को हमेशा अच्छी संगति में रहना चाहिए।

**4. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजा | — | **नृप,** | **भूपति** | विशाल | — | **बड़ा** | **वृहद** |
| संगति | — | **साथ** | **सोहबत** | कौआ | — | **काक** | **कृष्ण** |
| क्रोध | — | **गुस्सा** | **क्षोभ** | हंस | — | **मराल** | **मानस** |

***क्रियात्मक-कार्य***

**1. दुष्टों की संगति नहीं करनी चाहिए। अर्थ स्पष्ट करते हुए चार पंक्तियाँ अपने शब्दों में लिखिए–**

**उत्तर–** 1. संगति का असर व्यक्ति पर बड़ी तेजी से होता है।

2. मनुष्य जैसी संगति में रहता है वह वैसा ही बन जाता है।

3. क्योंकि कहा भी जाता है—खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है।

4. बुरी संगति में रहने वाले अच्छे व्यक्ति को भी बुरा ही समझा जाता है।

**2. आपके मुताबिक कौन–सी संगति अच्छी है–बुरी या भली? दोनों संगतियों पर 10-**

**10 वाक्य लिखो।**

**उत्तर– बुरी संगति 10 वाक्य—**

1. हमें बुरे लोगों की संगति से बचना चाहिए।
2. बुरे लोगों की संगति का असर मनुष्य पर जल्दी ही दिखाई दे जाता है।
3. जब हम ऐसे लोगों के साथ रहते हैं तो न चाहते हुए भी हमें उनका साथ देना ही पड़ता है।
4. संगति से ही मनुष्य की पहचान की जाती है।
5. बुरी संगति में रहकर अच्छी आदतों को बनाए रखना बहुत ही मुश्किल काम है।
6. गलत आदतें मनुष्य पर जितनी जल्दी असर छोड़ती हैं उतनी जल्दी अच्छी संगति असर नहीं करती।
7. यदि किसी कारणवश मनुष्य बुरी संगत में पड़ भी गया है तो उसे जल्दी से जल्दी उस संगत को छोड़ देना चाहिए।
8. बुरी संगत में रहकर मनुष्य का व्यक्तित्व नकारात्मक हो जाता है।
9. बुरे रास्ते पर चलकर आज तक किसी का भला नहीं हो सका है।
10. इसलिए हमें हमेशा अच्छी संगति ही करनी चाहिए चाहे इसके लिए हमें बुरी आदतों वाले अपने किसी भी मित्र को छोड़ना पड़े।

**अच्छी संगति**

1. कहा जाता है कि मनुष्य जैसा सोचता है वैसा ही बन जाता है।
2. जैसा वह बन जाता है वैसी ही संगति में रहना पसंद करता है।
3. मनुष्य को हमेशा प्रयास करना चाहिए कि वह ऐसे लोगों के साथ रहे जिनकी समाज में अच्छे कार्यों के लिए पहचान हो।
4. अच्छी संगति में रहने पर मनुष्य के मन में हमेशा सकारात्मक विचार आते हैं।
5. अच्छी संगति में रहने से एक ऐसे सुदृढ़ व्यक्तित्व का निर्माण होता है जिसकी समाज में एक अलग पहचान होती है।
6. यदि मनुष्य अच्छे लोगों की संगत में रहता है तो उसके अवगुण भी छिप जाते हैं।
7. अच्छे लोगों को समाज में हमेशा सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।
8. अच्छी संगति में रहने पर मनुष्य के अंदर सामाजिक मूल्यों का निर्माण होता है जिनको अपनाकर मनुष्य एक सामाजिक प्राणी बनता है।
9. यदि मनुष्य चाहे तो वह बुरे लोगों को भी अच्छा बनाने का प्रयास कर सकता है।
10. इसलिए व्यक्ति को हमेशा संत जनों की संगति ही करनी चाहिए।

# 4 बरगद जी

## आओ अभ्यास करें

*कविता से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. इन पंक्तियों से कवि का तात्पर्य है कि बरगद जी सारा दिन खाली बैठे रहते हैं।

ii. अगर यह बरगद चल सकता तो ये अपने मित्रों से मिलने के लिए जाता और अपने मित्रों से खूब बातें करता तथा अपने दुख-सुख बाँटता।

iii. छात्र स्वयं करें।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. इस कविता के कवि 'भगवती प्रसाद द्विवेदी' हैं।

ii. बरगद जी एक पेड़ हैं। कवि ने उनके बारे में बताया है कि बरगद जी बहुत पुराने हैं और ये सारा दिन खाली बैठे रहते हैं। इनकी कोटर में अजगर और डालों पर पक्षी बसे हुए हैं। ये चुपचाप हवा, पक्षियों तथा राही की बातें सुनते रहते हैं। इनकी जड़े धरती में गहराई से जमी हुई हैं और ये पक्षियों के जाल बुनते रहते हैं। और अंत में कवि कहता है कि बरगद जी हर आने-जाने वाले की आँखों में आँखें डालकर देखते रहते हैं।

iii. इस पंक्ति से आशय है कि बरगद जी दादा जी की पीढ़ी वाले अर्थात् बहुत पुराने हैं।

iv. कवि ने कहा है कि बरगद की जड़ें धरती में गहराई से जमीं हुई हैं।

v.

| | | |
|---|---|---|
| बैठे ठाले | — | खाली बैठना |
| मुँह पर डाले | — | चुपचाप |
| डैनों | — | पंखों |
| आँखों में आँखें डाले | — | एक-दूसरे को देखना। |

**3. मिलान करो–**

**उत्तर–**

- पीढ़ी वाले → बरगद जी
- कोटर में → अजगर
- डैनों के → जाल
- धरती की → गहराई में

***भाषा-बोध***

**1. तुकांत शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. | पीढ़ी | **सीढ़ी** | vi. | धरती | **भरती** |
| ii. | बस | **रस** | vii. | बुनते | **सुनते** |
| iii. | डालो | **बालों** | viii. | डैनो | **नैनों** |
| iv. | बड़े | **खड़े** | ix. | जाल | **माल** |
| v. | राही | **माही** | x. | पाले | **जाले** |

**2. वाक्य शुद्ध करो–**

**उत्तर–** i. दादा जी की **पीढ़ी** वाले बरगद जी।

ii. कोटर में अजगर है, पक्षी **डालों** पर।

iii. हवा, पखेरू या **राही** की बातों को।

iv. **जड़ें** जमाकर धरती की गहराई में।

**क्रियात्मक-कार्य**

**1. हमारे जीवन में वृक्षों का क्या महत्व है? समझाते हुए आठ लाइनें लिखो।**

**उत्तर–** 1. हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत महत्व है।
2. वृक्षों से हमें ऑक्सीजन मिलती है।
3. वृक्ष वातावरण को हरा-भरा बनाए रखते हैं।
4. वृक्षों से हमें फल-फूल इत्यादि प्राप्त होते हैं।
5. वृक्ष हमें सर्दी, गर्मी तथा बरसात से बचाते हैं।
6. वृक्षों से हमें ईंधन के रूप में लकड़ी प्राप्त होती हैं।
7. वृक्ष हमारे चारों तरफ के वातावरण को शुद्ध तथा स्वच्छ बनाए रखते हैं।
8. हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए।

**2.** स्वयं कीजिए।

## 5 चरित्र का मूल्य

### आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. राजपुरोहित को लेशमात्र भी अहंकार नहीं था।
ii. राजपुरोहित ने खजाने से पाँच मोती चुराए।
iii. राजपुरोहित के अनुसार सबसे अधिक बहुमूल्य चरित्र है।
iv. राजपुरोहित चुपचाप अपने आसन पर बैठ गए थे।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. राजपुरोहित ने अपनी जिज्ञाासा के समाधान हेतु खजाने से मोती उठाए।
ii. राजपुरोहित की योजना थी कि खजाने से मोती उठाने के बाद भी उन्हें वह सम्मान मिलता है या नहीं यह पता लग जाएगा।
iii. राजा ने पूछा—''सुना है, आपने खजाने में कुछ गड़बड़ी की है'', ''क्या आपने खजाने से कुछ मोती उठाए हैं।'', ''आपने कितने मोती उठाए और कितनी बार'', राजा ने पुन: पूछा—''वे मोती कहाँ है।''
iv. राजपुरोहित ने तीन दिन तक पाँच-पाँच मोती उठाए।
v. ज्ञान और चरित्र में चरित्र बड़ा है।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) i. आसन (ख) i. पाँच मोती
(ग) iii. खजाँजी का

**4. ''बहुमूल्य वस्तु सोना-चाँदी या हीरा-मोती नहीं बल्कि चरित्र है।'' इस वाक्य पर अपने शब्दों में पाँच लाइनें लिखो–**

**उत्तर–** इस संसार में जीने के लिए सोना-चाँदी, हीरे मोती आदि उतने आवश्यक नहीं हैं जितना समाज में सम्मान के साथ जीने के लिए एक अच्छे चरित्र की आवश्यकता होती

है। धन तो मनुष्य के पास आता-जाता रहता है लेकिन चरित्र यदि एक बार चला गया तो वह हमेशा के लिए चला जाता है।

**5. इन पंक्तियों को स्पष्ट करते हुए अपने शब्दों में कुछ वाक्य लिखो–**

**उत्तर–** इन पंक्तियों का आशय यह है कि यद्यपि मनुष्य जीवन की तीनों ही जरूरी आवश्यकताएँ हैं लेकिन फिर भी यह माना जाता है कि यदि हमारा धन खो जाए तो समझना चाहिए कुछ नहीं खोया, यदि बीमार हो जाएँ तो समझना चाहिए कि कुछ खो गया है। परन्तु यदि चरित्र पर धब्बा लग जाए तो समझो सब कुछ समाप्त हो गया।

**6. सही/गलत–**

**उत्तर–** i. गलत ii. गलत iii. सही iv. सही।

**7. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. ज्ञान और चरित्र का योग ही **लौकिक** एवं **परमार्थ** की उन्नति का सच्चा पथ है।

ii. जिज्ञासा के समाधान हेतु उन्होंने एक **योजना** बनाई।

iii. राजपुरोहित तत्काल समझ गए कि अब योजना **रंग** ला रही है।

iv. बहुमूल्य वस्तु **सोना-चाँदी** या **हीरे-मोती** नहीं बल्कि चरित्र है।

***भाषा-बोध***

**1. एक-अनेक शब्द–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** राजा | **राजाओं** | मोती | **मोतियों** |
| प्रजा | **प्रजाओं** | खजाना | **खजानों** |

**2. दिए गए वाक्यों के सामने चुनकर लिखो कि क्रिया का कौन-सा काल है?**

**उत्तर–** i. भूतकाल ii. भविष्यत् काल

iii. वर्तमान काल iv. वर्तमान काल

**3. उचित-विराम-चिहन लगाओ–**

**उत्तर–** i. राजा सभा में नहीं हैं।

ii. क्या राजा अच्छे हैं?

iii. राजपुरोहित चरित्रवान हैं।

iv. अरे वाह! आज तो राजा बहुत प्रसन्न हैं।

**4. वाक्यों में प्रयोग करो–**

**उत्तर–** i. बहुमूल्य—राजा के खजाने में **बहुमूल्य** रत्न थे।

ii. दरबारियों—**दरबारियों** के द्वारा भी राजपुरोहित का बहुत सम्मान किया जाता था।

iii. राजपुरोहित—**राजपुरोहित** बहुत ही चरित्रवान पुरुष थे।

***क्रियात्मक-कार्य***

**1.** स्वयं कीजिए।

**2.** सोना पीले रंग का तथा चाँदी सफेद रंग की होती है।

# आओ अभ्यास करें

*नाटक से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. मंच पर बच्चे नृत्य कर रहे थे।

ii. हम परेशानी के समय धैर्य और हिम्मत से काम लेते हैं।

iii. इससे हमें यह प्रेरणा मिली कि संकट के समय हमें धैर्य और बुद्धि से काम लेना चाहिए।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. बिल्ली से बचने के लिए चूहों ने उसके गले में घंटी बाँधने की योजना बनाई।

ii. चूहा— 3 बिल्ले के गले में घंटी डालने लगा।

iii. बिल्ले के गले में घंटी डालने से चूहों को यह लाभ हुआ कि जब भी बिल्ला चूहों को पकड़ने के लिए निकलता घंटी बज जाती। और चूहों को पता चल जाता था तथा वे भाग जाते थे।

iv. बिल्ले व चूहों का किरदार बच्चे निभा रहे थे।

v. चूहे— 3 ने चूहे— 4 को बिल्ले के गले में घंटी बाँधने को इसलिए कहा क्योंकि वह बिल्ले से डर रहा था।

**3. पंक्तियाँ पूरी करो–**

**उत्तर–** i. कलम की जय हो **कागज की जय हो**
**जय हो, जय हो** जय-जय जय हो।

ii. हाथ जोड़कर **नमन करूँगा।**
**एक** निराला नाटक देखें।

**4. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. चूहे-3 ने चूहे-4 से।    ii. चूहे-1 ने चूहे-2 से।

iii. चूहा-1 ने बिल्ले से।

**5. सही या गलत? लिखो।**

**उत्तर–** i. गलत    ii. गलत    iii. गलत

iv. गलत    v. गलत।

*भाषा-बोध*

**1. विलोम शब्द लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** बाहर | **अंदर** | हार | **जीत** |
| सुबह | **शाम** | रात | **दिन** |

**2. 'सह' और 'अन'-उपसर्गों से शब्द बनाओ–**

**उत्तर–** सह + योग = **सहयोग**    अन + सुनी = **अनसुनी**

सह + पाठी = **सहपाठी** | अन + कही = **अनकही**

सह + कारी = **सहकारी** | अन + देखी = **अनदेखी**

**3. उदाहरण देखकर दिए गए शब्दों से नए शब्द बनाओ–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रुचि | **रुचिकर** | **रोचक** | **रुचिर** |
| शक्ति | **शक्तिशाली** | **शक्तिवर्धक** | **शक्तिसिंह** |
| ज्ञान | **ज्ञानी** | **ज्ञानोदय** | **ज्ञानेन्द्रियाँ** |
| बल | **बलशाली** | **बलवान** | **बलपूर्वक** |
| प्रति | **प्रतिदिन** | **प्रतिकार** | **प्रतिमान** |

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 7 जैसा सवाल वैसा जवाब

### आओ अभ्यास करें

***कहानी से***

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. यदि हमसे कोई उटपटांग सवाल पूछेगा तो हम भी उसे उटपटांग ही जवाब देंगे।

ii. ख्वाजा साहब के पूछे गए पहले सवाल का शायद हम भी यही जवाब देते।

iii. नहीं हम अपने मित्रों को हराने के लिए कठिन सवाल नहीं पूछते हैं।

iv. छात्र स्वयं करें। v. छात्र स्वयं करें।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. बादशाह अकबर अपने मंत्री बीरबल को बहुत पसंद करते थे, क्योंकि बीरबल बहुत बुद्धिमान थे।

ii. बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए ख्वाजा ने कुछ मुश्किल प्रश्न तैयार किए। क्योंकि उन्हें विश्वास था कि बीरबल उन प्रश्नों के उत्तर नहीं दे पाएँगे।

iii. ख्वाजा साहब अचकन, पगड़ी पहनकर दाढ़ी सहलाते हुए अकबर के पास पहुँचे।

iv. ख्वाजा के अनुरोध करने पर अकबर ने बीरबल को बुलाया और उससे कहा, ''बीरबल! परम ज्ञानी ख्वाजा साहब तुमसे तीन प्रश्न पूछना चाहते हैं। क्या तुम उनके उत्तर दे सकोगे।''

v. बीरबल से दूसरा प्रश्न किया गया, ''आकाश में कितने तारे हैं।'' बीरबल ने एक भेड़ मँगवाकर कहा, ''इस भेड़ के शरीर में जितने बाल हैं, उतने ही तारे आसमान में हैं। ख्वाजा साहब को इसमें संदेह हो तो वे बालों को गिनकर तारों की संख्या से तुलना कर लें।''

vi. तीसरा सवाल था, ''संसार की आबादी कितनी है?'' बीरबल ने कहा, ''जहाँपनाह! संसार की आबादी पल-पल घटती-बढ़ती रहती है क्योंकि हर पल लोगों का मरना-जीना लगा रहता है। इसलिए यदि सभी लोगों को एक जगह इकटठा किया जाए तभी उनको गिनकर ठीक-ठीक संख्या बताई जा सकती है।''

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) iii. पसंद (ख) ii. निरा बालक

(ग) i. परम ज्ञानी

**4. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. सभी दरबारी **बीरबल** से जलते थे।

ii. एक दिन ख्वाजा ने बीरबल को **मूर्ख** साबित करना चाहा।

iii. बीरबल ने **तुरंत जमीन** पर अपनी छड़ी गाड़ दी।

iv. ख्वाजा नाक-भौंह **सिकोड़कर** बोले।

v. बादशाह बीरबल के उत्तर से **संतुष्ट** हो गया।

**5. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. ख्वाजा ने अकबर से। ii. अकबर ने बीरबल से।

iii. बीरबल ने अकबर से। iv. अकबर ने बीरबल से।

v. ख्वाजा ने बीरबल से।

*भाषा-बोध*

**1. उपर्युक्त उदाहरणों की मदद से नीचे दी गई जगह में सही शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नाना | **नानी** | गधा | **गधी** |
| मालिन | **माली** | मटका | **मटकी** |
| पीली | **पीला** | काका | **काकी** |
| दर्जी | **दरजन** | कुम्हार | **कुम्हारिन** |

**2. शब्दों के आरंभ में 'वि' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाओ–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| वि + षैला = **विषैला** | वि + लुप्त = **विलुप्त** |
| वि + शेष = **विशेष** | वि + जय = **विजय** |
| वि + योग = **वियोग** | वि + मान = **विमान** |
| वि + हीन = **विहीन** | वि + लुप्त = **विलुप्त** |

**3. वाक्यांश के लिए एक शब्द चुनकर लिखो–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| जो गाड़ी चलाए | — | **वाहन चालक** |
| जो शिक्षा प्रदान करे | — | **शिक्षक** |
| नई खोज | — | **अविष्कार** |
| जो विज्ञान का काम करे | — | **वैज्ञानिक** |

**4. वाक्य बनाओ–**

**उत्तर–** i. छक्के छूटना — **बिल्ले को सामने देखकर चूहों के छक्के छूट गए।**

ii. कोशिश — **हमें सदैव सत्य बोलने की कोशिश करनी चाहिए।**

iii. मूर्ख — **सीधे व्यक्ति को संसार में मूर्ख समझा जाता है।**

iv. संसार — **यह संसार बहुत बड़ा है।**

**क्रियात्मक-कार्य**

**1. कहानी के बारे में कोई चार प्रश्न बनाकर नीचे दी गई जगह में लिखो। कॉपी में उनके उत्तर भी लिखो–**

**उत्तर–** 1. बीरबल कौन था? 2. ख्वाजा साहब कौन था?
3. ख्वाजा ने बीरबल को मूर्ख साबित करने के लिए कितने प्रश्न तैयार किए?
4. अकबर ने बीरबल से ख्वाजा के लिए क्या कहा?

**2. बीरबल की तरह और भी कुछ व्यक्ति अपने हाजिरजवाबी के किस्सों के लिए प्रसिद्ध हुए हैं। किसी एक के बारे में लिखो–**

**उत्तर–** दक्षिण के विजय नगर राज्य में प्रतापी राजा कृष्ण देव राय के तेनालीराम प्रमुख दरबारी कवि थे। तेनालीराम अपनी हाजिरजवाबी, निर्भीकता और वाक्य चातुर्य के कारण पूरे भारत में विख्यात हुए। तेनालीराम के नाम से राजा कृष्ण देव राय की पहचान होती है।

## 8 पाजी बादल

### आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. हाँ बादल शरारती था, वह कभी हवा की पीठ पर बैठ जाता तो कभी दौड़ता था।
ii. बादल ने बाग में बसने का फैसला किया।
iii. छात्र स्वयं करें।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. पाजी बादल जिद्दी और शरारती था।
ii. झील के ऊपर से गुजरते हुए पाजी बादल अपनी शक्ल पानी में देख रहा था। वह कभी लेटकर, कभी अँगड़ाई लेकर, कभी मुँह फुलाकर तथा कभी मुँह टेढ़ा बनाकर खुद को देख रहा था।
iii. सूरज ने पाजी बादल को जंगल-जंगल, बस्ती-बस्ती ढूँढ़ा।
iv. पाजी बादल बाग में जाकर बसा जहाँ पर सूरज से उसकी रक्षा फूलों ने की।
v. पाजी बादल की दोस्ती रंग-बिरंगे फूलों से हुई।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) ii. झील में (ख) i. फूलों द्वारा
(ग) i. बिजलियाँ (ध) iv. रजामंदी

**4. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. सही ii. गलत iii. गलत
iv. सही।

**5. वाक्य को मिलाओ–**

**उत्तर–**

| | |
|---|---|
| i. बादल की माँ दूर-दूर | और बाग के फूलों से पूछती है। |
| ii. एक बाग में कुछ रंग-बिरंगे | टकराया एक पहाड़ से कि पसीने टपक गए। |
| iii. एक बार तो इतनी जोर से | बिजलियाँ चमका-चमका करके ढूँढ़ती उसे। |
| iv. माँ अब भी आती है हर साल-बरस | फूल देखे जो आँखें झपटका रहे थे। |

*भाषा-बोध*

**1. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बादल | **मेघ** | **जलद** | **पयोधर** |
| बिजली | **दामिनी** | **चंचला** | **विद्युत** |
| फूल | **पुष्प** | **सुमन** | **कुसुम** |
| जंगल | **कानन** | **वन** | **अरण्य** |
| काली | **श्यामा** | **अश्वेता** | **चण्डी** |

**2. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मुश्किल | **आसान** | आसमान | **जमीन** |
| अकेला | **बहुत सारे** | सूरज | **चाँद** |
| सुबह | **शाम** | खुशबू | **बदबू** |

**3. शब्दों को पूरा करो–**

**उत्तर–** **भर**सक    **अँग**ड़ाई    **उलझ**ा    कोशि**श**

**ड**रते    सूरज

**4. वाक्य प्रयोग–**

**उत्तर–** i. आकाश में काले **बादल** छाए हैं।

ii. मानसरोवर मीठे पानी की **झील** है।

iii. बाग में रंग-बिरंगे **फूल** खिले हैं।

iv. कश्मीर की **वादी** बहुत प्रसिद्ध है।

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 9 पछतावे के आँसू

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. बताओ, क्या पढ़ा–**

**उत्तर–** i. बच्चा अचानक इसलिए रोने लगा था क्योंकि उसकी गणित की किताब खो गई थी।

ii. ढूँढने के बाद किताब पंकज के बस्ते से निकली। यह देखकर अध्यापक को बहुत आश्चर्य हुआ कि पंकज जैसा ईमानदार और मेहनती बालक भी चोरी कर सकता है।

iii. संजय ने पंकज से पूछा, ''अरे! किताब तो मैंने चुराई थी, लेकिन वह तुम्हारे बस्ते में कैसे चली गई?''

iv. संजय को किताब चुराने का पछतावा हुआ।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. संजय बहुत अच्छा बच्चा था, लेकिन उसको चोरी करने की बुरी आदत थी।

ii. अध्यापक ने संजय को डाँटते हुए कहा, ''यदि अब किसी भी बच्चे का सामान चोरी हुआ, तो मैं तुम्हें पाठशाला से निकाल दूँगा।''

iii. गणित की किताब की चोरी संजय ने की। क्योंकि उसकी चोरी करने की आदत थी।

iv. संजय ने जीवन में कभी चोरी न करने का निश्चय किया।

v. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें चोरी नहीं करनी चाहिए।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) ii. संजय को (ख) i. गणित

**4. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. गलत ii. सही

iii. गलत iv. गलत।

**5. 'चोरी छोटी हो या बड़ी लेकिन होती चोरी ही है।' इस बात को स्पष्ट करते हुए चार पंक्तियाँ लिखो–**

**उत्तर–** i. चोरी करना एक सामाजिक अपराध है।

ii. चोरी करने वाला अपनी ही नजरों में गिर जाता है।

iii. चोरी करने वाले को हमेशा दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ता हैं।

iv. इसलिए हमें चोरी नहीं करनी चाहिए।

**6. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. संजय की चोरी करने की बहुत **बुरी** आदत थी।

ii. पंकज जैसा **ईमानदार** और **मेहनती** बालक भी चोरी कर सकता है।

iii. बस्ते में देखने के बाद आखिर **किताब** पंकज के बस्ते में से मिली।

iv. संजय इस बात को सुनकर काफी **दुखी** हुआ।

**7. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. अध्यापक ने, संजय से। ii. संजय ने, पंकज से।

iii. पंकज ने, संजय से।

**8. निम्नलिखित उत्तरों के लिए प्रश्न बनाओ–**

**उत्तर–** i. संजय को तेज आवाज में किसने डाँटा?

ii. सबका शक किस पर था?

iii. कौन पछतावे के आँसू बहाने लगा?

*भाषा-बोध*

**1. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो–**

| | |
|---|---|
| **उत्तर–** जो शिक्षा प्रदान करे | **शिक्षक** |
| जहाँ पुस्तकें रखी जाती हैं | **पुस्तकालय** |
| जहाँ पढ़ने जाते हैं | **विद्यालय** |
| जहाँ इलाज होता है | **अस्पताल** |
| जो ज्यादा पढ़ाई करता हो | **पढ़ाकू** |

**2. बहुवचन लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** किताब | **किताबें** | अध्यापक | **अध्यापकों** |
| बस्ता | **बस्ते** | चोरी | **चोरियाँ** |
| बच्चा | **बच्चे** | पाठशाला | **पाठशालाएँ** |

**3. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** किताब | **पुस्तक** | **ग्रंथ** |
| अध्यापक | **शिक्षक** | **गुरू** |
| आँख | **नेत्र** | **चक्षु** |
| दिन | **वासर** | **दिवा** |
| वर्ष | **साल** | **संवत्सर** |
| स्वीकार | **मानना** | **हामी** |

**क्रियात्मक-कार्य**

**1. अपने जीवन की कोई ऐसी घटना मित्रों को बताओ जब तुमने चोरी की हो और बाद में उसके लिए अपने बड़ों से क्षमा माँग ली हो।**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

**2. चोरी अच्छी बात है, या बुरी? अपने शब्दों में 30-40 शब्दों में लिखो।**

**उत्तर–** चोरी करना एक बहुत बड़ा अपराध है। बचपन से ही छोटी-छोटी चोरियाँ करने वाला व्यक्ति एक दिन बड़ा डाकू बन जाता है। ऐसा व्यक्ति खुद अपनी नजरों में तो गिरता ही है अपितु दूसरों के सामने भी समय-समय पर शार्मिंदा होता है। अत: बच्चों को एक छोटी सी वस्तु चुराने पर ही मना करना चाहिए जिससे आगे चलकर वह चोर न बनें।

## 10 पानी नहीं नहानी में

### आओ अभ्यास करें

*कविता से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. यह कविता हमें पानी का मूल्य समझा रही है।

ii. नहीं हम व्यर्थ पानी नहीं बहाते हैं।

iii. यदि हम और पानी को व्यर्थ करेंगे तो हमें पानी नहीं मिलेगा।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. इस कविता की रचना कविवर 'प्रभुदयाल श्रीवास्तव' जी ने की है।

ii. इस कविता से हमने ये सीखा कि हमें पानी व्यर्थ ही नहीं बहाना चाहिए। क्योंकि यदि हम ऐसा करेंगे तो आने वाले समय में हमें पानी नहीं मिलेगा।

iii. कौड़ी-कानी से तात्पर्य है—'बहुत थोड़े पैसे में।'

iv. स्कूल जाते समय यदि हमें रास्ते में कोई नल चलता हुआ मिला तो हम उसे बंद कर देंगे।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) ii. बाल्टी भरकर (ख) iv. बीस (ग) iii. जबलपुर

***भाषा-बोध***

**1. लिंग बदलकर लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** बेटे | **बेटियाँ** | जवान | **जवानी** |
| बेईमानी | **बेईमान** | तब | **तभी** |
| सबको | **सबकी** | बेचारी | **बेचारा** |

**2. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखो–**

| | |
|---|---|
| **उत्तर–** प्रतिदिन होने वाला | **दैनिक** |
| लिखने वाला | **लेखक** |
| जो मांस खाता हो | **माँसाहारी** |
| परीक्षा देने वाला | **परीक्षार्थी** |
| जो दिखाई न दे | **अदृश्य** |
| बात सुनने वाला | **श्रोता** |

**3. दिए गए विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाओ–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** अच्छा | **अच्छाई** | नया | **नयापन** |
| ठंडी | **ठंडाई** | सफल | **सफलता** |

***क्रियात्मक-कार्य***

- **पानी हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस विषय पर दस लाइनें लिखो।**

**उत्तर–**
1. पानी हमारे जीवन की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है।
2. हमारी दिनचर्या पानी से ही प्रारंभ होती है।
3. प्रतिदिन हमें नहाने, शौच तथा पीने के लिए पानी की आवश्यकता होती है।
4. बिना पानी के तो हम भोजन भी नहीं बना सकते हैं।
5. पानी वृक्षों की सिंचाई इत्यादि के लिए भी आवश्यक होता है।
6. पानी के द्वारा ही हम अपने शरीर को स्वच्छ रख सकते हैं।
7. मनुष्य भोजन के बिना तो जीवित रह सकता है किन्तु पानी के बिना नहीं।
8. पानी हमें विभिन्न स्रोतों से मिलता है, जैसे—कुएँ, तालाब, नलकूप आदि।
9. हमें पानी का महत्व समझना चाहिए तथा पानी को व्यर्थ ही बरबाद नहीं करना चाहिए।
10. यदि हम अभी भी सचेत नहीं हुए तो आने वाले समय में हमें पीने के लिए भी पानी नहीं मिलेगा।

# आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. चिड़िया रोज अन्य स्थान खोजने जाती थी।

ii. किसान फसल काटने के लिए कहता था।

iii. क्योंकि उसे पता था कि दूसरों के भरोसे रहने वालों का कार्य कभी पूरा नहीं होता।

iv. चिड़िया बच्चों को समझाती थी कि डरो मत आराम से रहो।

v. किसान की फसल किसान ने स्वयं काटी।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. घोंसले में सारसी अपने तीन बच्चों के साथ रहती थी।

ii. किसान ने सबसे पहले अपने पड़ोसियों से फसल काटने के लिए कहा! लेकिन कोई भी फसल काटने नहीं आया।

iii. दूसरी बार चिड़िया ने किसान को कहते सुना, कि ''आज मैं अपने भाइयों से कहूँगा वे लोग अवश्य ही हमारी फसल काट देंगे।''

iv. तीसरी बार किसान ने कहा—''लगता है हमें अपनी फसल खुद ही काटनी पड़ेगी, कोई किसी का काम नहीं करता।'' अत: किसान को समझ में आ गया था कि ''अपना कार्य स्वयं करना चाहिए।''

v. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है, कि हमें अपना कार्य स्वयं करना चाहिए।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) i. घोंसले में (ख) ii. भाइयों

**4. गलत या सही लिखो–**

**उत्तर–** i. सही ii. गलत iii. गलत iv. सही

**5. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. घोंसले में उसके **तीन** बच्चे भी रहते थे।

ii. वे लोग अवश्य ही हमारी **फसल** काट देंगे।

iii. किसान व्यर्थ ही अपने भाइयों का **भरोसा** कर रहा है।

iv. वह समझ गया कि अपना **काम** स्वयं करना चाहिए।

**6. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. सारसी ने अपने बच्चों से कहा। ii. किसान ने, अपने बेटे से कहा।

iii. किसान ने, अपने बेटे से कहा। iv. किसान ने, अपने बेटे से कहा।

*भाषा-बोध*

**1. एक-अनेक–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चिड़िया | **चिड़ियाँ** | पड़ोसी | **पड़ोसियों** |
| फसल | **फसलें** | भाई | **भाइयों** |
| किसान | **किसानों** | स्थान | **स्थानों** |

**2. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोना | **हँसना** | सुरक्षित | **असुरक्षित** | मूर्ख | **बुद्धिमान** |
| आज | **कल** | ठीक | **गलत** | एक | **अनेक** |

**3. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर लिखो–**

**उत्तर–** ii. आज मैं अपने पड़ोसियों से कहूँगा।

iii. चिड़िया अन्य स्थानों की खोज में जाती थी।

iv. किसान की फसलें काटने कोई नहीं आया।

v. किसान अपने बेटे के साथ आया।

**4. वाक्य बनाओ–**

**उत्तर–** i. सारसी—**सारसी** अपने बच्चों के साथ घोंसले में रहती है।

ii. पड़ोसी—संकट के समय **पड़ोसी** की मदद करनी चाहिए।

iii. भाइयों—रक्षाबंधन बहन-**भाइयों** का त्योहार है।

iv. स्वयं—अपना कार्य **स्वयं** करना चाहिए।

v. फसल—गेहूँ की **फसल** सर्दियों में बोइ जाती है।

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** 1. स्वयं कीजिए।

**2. यदि आपको कोई चिड़िया जख्मी मिले तो उसकी मदद आप कैसे करोगे? 30-40 शब्दों में लिखो।**

**उत्तर–** यदि मुझे कोई चिड़िया जख्मी हालत में मिलेगी तो सबसे पहले मैं उसके पानी और रुई से घाव साफ करूँगा, फिर उसे पानी पिलाऊँगा। और उसे ऐसे स्थान पर रखूँगा जहाँ कोई जानवर न आ सके। जब तक वह पूर्णत: सही न हो जाए, तब तक उसकी देखभाल करूँगा।

**उत्तर–** 3. स्वयं कीजिए।

**उत्तर–** 4. स्वयं कीजिए।

**6. चलो, बच्चो! अब एक कविता लिखो चिड़ियों के विषय में।**

**उत्तर–** चीं चीं करके आती चिड़ियाँ
अनाज का दाना खाती चिड़ियाँ
फुदक-फुदक कर नाच दिखाती
मेरे मन को बहुत है, भाती
जब भी उसके पास मैं जाऊँ
फुर-फुर करके उड़ जाती चिड़िया

## 12 भगवान सबको देखता है

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. जिस खेत में से रामू ने गाजर खींची वो राधे काका का था।

ii. भूख से रामू के पिता बेचैन थे।

iii. राधे के खेत में फसलों की पैदावार अच्छी हुई।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. किसान के बेटे का नाम रामू था।

ii. रामू ने राधे काका के यहाँ से गाजर चोरी की।

iii. रामू के पिता ने सीख दी—"बेटा, राधे ने तुम्हें नहीं देखा, परन्तु भगवान तो देख रहा है। वह सबको देखता है।"

iv. रामू के पिता ने राधे के खलियान से अनाज चोरी की योजना बनाई क्योंकि उसके खेत में पैदावार नहीं हुई थी और वह भूख से बेचैन था।

v. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जब हम कोई गलत कार्य करते हैं तो और कोई हमें देखें न देखें लेकिन भगवान अवश्य ही देखता है इसलिए हमें गलत कार्य नहीं करने चाहिए।

**3. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. रामू ने वहाँ जाकर एक **गाजर** खींचकर निकाल ली।

ii. **भगवान** सबको देखता है।

iii. बेटे को समझाकर किसान राधे के **खलियान** में घुस गया।

iv. किसान ने अपने बेटे को **छाती** से लगा लिया।

v. दोनों राधे के **खलियान** पर पहुँचे।

**4. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. रामू ने अपने पिता से कहा।

ii. किसान ने अपने बेटे रामू से।

iii. किसान ने अपने बेटे रामू से।

iv. किसान ने अपने बेटे रामू से।

**5. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) i. गाजर (ख) ii. गेहूँ

**6. सही या गलत लिखो?**

**उत्तर–** i. सही ii. गलत iii. गलत iv. सही।

***भाषा-बोध***

**1. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रात | **दिन** | हाथ | **पैर** |
| पिछले | **अगले** | शरम | **बेशर्मी** |
| भगवान | **शैतान** | समझ | **नासमझ** |

**2. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो–**

**उत्तर–** किसान ने अपने बेटे **को** समझाया। बेटा **तो** समझ गया। लेकिन किसान ने खुद **वो** काम कर दिया, **फिर** बेटे ने किसान को समझाया। **जिसे** कोई नहीं देखता **उसे** भगवान देखता है।

**३. उचित विराम-चिहन लगाओ–**

**उत्तर–** i. किसान समझदार था।

ii. रामू ने बात समझ ली थी।
iii. किसान ने रामू को अच्छी शिक्षा दी।
iv. 'भगवान सबको देखता है'

**4. वाक्य शुद्ध करो–**

**उत्तर–** i. रामू ने वहाँ जाकर एक गाजर खींचकर निकाल ली।
ii. रामू के पिता ने राधे के खलियान से अनाज चोरी करने की योजना बनाई।
iii. यह सुनकर किसान की गरदन शरम से झुक गई।
iv. किसान ने अपने बेटे को छाती से लगा लिया।

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 13 बाबा जी का भोग

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. रामधन की स्त्री इसलिए चिंतित थी कि आज भोजन क्या बनेगा। घर में अनाज का एक दाना भी न था।

ii. महात्मा ने आटा लेकर कहा—''बच्चा अब तो साधु आज यही रमेंगे। कुछ थोड़ी-सी दाल दे, तो साधु का भोग लग जाए।''

iii. इस पाठ से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जितनी चादर हो उतने ही पैर पसारने चाहिए। यदि हम रामधन के स्थान पर होते तो हमारी भी यही प्रतिक्रिया होती।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. रामधन की स्त्री का नाम रामवती हो सकता है और उसने एक सस्ती सी लेकिन सूती और साफ सुथरी धोती पहनी होगी।
ii. साधु का नाम कश्यप हो सकता है और उसने गेरुए वस्त्र पहने होंगे।
iii. खलिहान में पैदा हुए अनाज में से कुछ महाजन ने तो कुछ जमींदार ने ले लिया। भूसा बेचकर बैल के व्यापारी को कर्ज उतारा, बचा हुआ थोड़ा सा अनाज उसके हिस्से में आया।
iv. ''घी माँगते हैं, माँगने को भीख, पर घी बिना कौर नहीं धँसता।''
v. रामधन की स्त्री सोचती है कि घर में कुछ नहीं है ऐसे में साधु को खाना कैसे खिलाया जाए।
vi. रामधन के यहाँ खाना खाने के लिए साधु ने एक-एक करके सारी चीजें मँगाई और खूब तनकर खाया। और पेट पर हाथ फेरते हुए द्वार पर लेट गए।
vii. रामधन ने साधु को खाना इसलिए दे दिया क्योंकि वह द्वार पर आए साधु को निराश नहीं लौटाना चाहता था।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) ii. साधु (ख) i. बरतन माँज रही थी (ग) iv. घी

**4. उत्तर–** स्वयं कीजिए।

*भाषा-बोध*

**1. बहुवचन बनाओ। कुछ शब्दों के बहुवचन में दो रूप हैं। इन दोनों रूपों का अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग करो–**

**उत्तर–** राजकुमार के पास दो घोड़े थे। — घोड़ों की टापों से रास्ता गूँज उठा।

कुएँ के पास तीन घड़े रखे हुए थे। — सभी स्त्रियों ने अपने-अपने घड़ों में पानी भरा।

व्यापारी ने घोड़े पर दो मटके लाद रखे थे। — उन सभी मटकों में से अशर्फियाँ निकलीं।

रमा ने मंदिर में जाकर अपने देवता की पूजा की। — राम-सीता विवाह के समय सभी देवताओं ने आकाश से पुष्प वर्षा की।

राजा हरिशचन्द्र अपनी प्रजा से बहुत प्रेम करते थे। — औरंगजेब के शासन काल में सारी प्रजा शासक से असन्तुष्ट थी।

राम और लक्ष्मण दोनों भ्राताओं में आपस में अत्यधिक स्नेह था। — राम अपने भ्राताओं के साथ शिक्षा ग्रहण करने महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में गए।

**2. समानार्थक शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्त्री | **नारी** | आटा | **चून** |
| ईश्वर | **परमेश्वर** | रात | **निशा** |

**क्रियात्मक-कार्य**

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 14 चिट्ठी-पत्री

### आओ अभ्यास करें

*पत्र से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. पत्र में परीक्षा के टाइम टेबल की बात की गई है।

ii. क्योंकि टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई करने से हर विषय की तैयारी अच्छी हो जाती है।

iii. स्नेहा स्कूल में टाइम टेबल नोट करना भूल गई थी।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. अद्र्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी।

ii. स्नेहा ने अपनी सहेली मानसी की कॉपी से टाइम टेबल नोट किया।

iii. जो अद्र्धवार्षिक परीक्षा में अच्छे नबंर लाते थे उन्हें कक्षा में सबके सामने टीचर की तरफ से शाबाशी मिलती थी।

iv स्नेहा को विज्ञान के पर्चे का मम्मी से पता चला।

v. स्नेहा परीक्षा में हाथ मुँह धोकर बिना चाय पिए आधा घंटा लेट पहुँची।

**3. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. **अद्र्धवार्षिक** परीक्षा सिर पर थी।

ii. स्नेहा स्कूल में **टाइम टेबल** नोट करना भूल गई।

iii. दूसरा पर्चा **अंग्रेजी** का हुआ।

iv. अगला पर्चा टाइम टेबल के **मुताबिक** मंगलवार को था।
v. मैंने तुरंत अपनी सहेली, मानसी के यहाँ **फोन** किया।

**4. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) i. पढ़ाई में (ख) ii. टाइम टेबल के
(ग) iv. आधा

**5. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. गलत ii. गलत iii. सही iv. गलत v. सही।

***भाषा-बोध***

**1. विलोम-शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अगला | **पिछला** | रात | **दिन** |
| टीचर | **छात्र** | सुना | **देखा** |

**2. वाक्य शुद्ध करके लिखो–**

**उत्तर–** i. परीक्षा सिर पर थी, और सारे दोस्त **पढ़ाई** कर रहे थे।
ii. पहला **पर्चा** हिंदी का था।
iii. टीचर **की तरफ से** शाबाशी मिलती थी।
iv. मम्मी ने **फोन** पर कुछ सुना।
v. हमें टाइम टेबल जल्दबाजी में **नोट नहीं** करना चाहिए।

**3. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | परीक्षा | **इम्तिहान** | **जाँच** |
| ii. | दिन | **दिवस** | **दिवा** |
| iii. | सहेली | **मित्र** | **सखी** |
| iv. | स्कूल | **विद्यालय** | **पाठशाला** |
| v. | मम्मी | **माँ** | **जननी** |

***क्रियात्मक-कार्य***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## 15 बरखा रानी

## आओ अभ्यास करें

***कविता से***

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. सोलह श्रृंगार बरखा रानी ने किया है।
ii. काली साड़ी से मेघों की तुलना की गई है?
iii. आषाढ़ के पहले बादल ने बरखा रानी की अगवानी की है।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. बरखा रानी के आने से बहार ही बहार छा गई है।
ii. बरखा रानी ने सावन–भावों में मनमानी की थी।
iii. 'बिजली की पहने पायल वह मनहर' से तात्पर्य है कि वर्षा ऋतु में जब बिजली

चमकती है तो ऐसा लगता है मानों बरखा रानी बिजली रूपी पायल पहनकर मन को हर्षा रही हो।

iv. 'तोड़ दिए सारे तट-बंध ऐसी छाई मस्ती' का अर्थ है—कि सावन-भादों में जब बरखा रानी झूम कर बरसीं तो सारे किनारे और बाँध टूट गए और ऐसा लगता है मानों बरखा रानी को मस्ती चढ़ गई हो।

v. इस कविता के कवि 'कवि चौधरी' हैं।

***भाषा-बोध***

**1. विलोम शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काली | **गोरी** | वैभव | **दरिद्रता** | सुंदर | **बदसूरत** |
| बाहर | **अंदर** | आकाश | **पाताल** | संसार | **असार** |

**2. समानार्थक शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| साड़ी | **धोती** | मगन | **व्यस्त** | मेघ | **बादल** |
| वैभव | **ऐश्वर्य** | बिजली | **दामिनी** | संसार | **विश्व** |

**3. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

**उत्तर–**

| | | |
|---|---|---|
| रानी | **साम्राज्ञी** | **मलिका** |
| सुंदर | **खूबसूरत** | **रूपवान** |
| बादल | **मेघ** | **जलद** |
| बरखा | **वर्षा** | **बारिश** |

**4. वाक्यों को शुद्ध करके लिखो–**

**उत्तर–** i. बरखा रानी आई कर **सोलह** श्रृंगार।

ii. **साड़ी** में लगी अति सुंदर।

iii. **बिजली** की पायल पहने वह मनहर

iv. उसको ऐसी छाई **मस्ती**

**क्रियात्मक-कार्य**

1. स्वयं कीजिए।

**2. बरसात के मौसम का चित्र बनाओ। चिपकाओ और एक कविता लिखो, उसे याद करो और अपने दोस्तों को सुनाओ।**

**उत्तर–** **कविता**

वर्षा रानी, जल्दी आना
आज है मौसम बड़ा सुहाना
चले न कोई तुम्हारा बहाना
सुनाई देता चिड़िया का चहचहाना।

## 16 गांधी जी की रेलयात्रा

### आओ अभ्यास करें

***कहानी से***

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. गांधी जी की कराची से कलकत्ता तक की यात्रा का वर्णन किया गया है।

ii. गांधी जी को कलकत्ता जाना था।
iii. बैरिस्टर वकील को कहते हैं।
iv. गांधी जी ऊपर वाली बैठक की जंजीर पकड़कर दो घंटे खड़े रहे।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. गांधी जी को कराची से कलकत्ता तक जाना था।
ii. गांधी जी को जाते हुए रेल में बैठने के लिए जगह नहीं मिली, वे ऊपर वाली बैठक की जंजीर पकड़कर दो घंटे खड़े रहे।
iii. गांधी जी की रात मुश्किल से गुजरी।
iv. गांधी जी का नाम पता चलने पर लोगों ने उन्हें बैठने के लिए जगह दे दी।
v. किताब का नाम 'सत्य के प्रयोग इसलिए रखा गया है क्योंकि इसमें गांधी जी के जीवन में' घटी वारदातों का ही जिक्र है।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) रेल (ख) सत्य के प्रयोग (ग) 1917

**4. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. गलत ii. सही iii. गलत
iv. सही v. गलत।

**5. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. यात्री **जबरदस्ती** अपना रास्ता बना लेते थे।
ii. मजदूर यात्रियों से **गिड़गिड़ाकर** कह रहा था।
iii. मेरी ये रात **मुश्किल** से बीती।
iv. गांधी जी ने लाहौर से **कलकत्ता** की यह यात्रा वर्ष **1917** में की थी।
v. हममें से कितने लोग **ईमानदार** होते हैं।

***भाषा-बोध***

**1. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तर–** मुश्किल | **कठिनाई,** | **दिक्कत** |
| तारीख | **दिनांक,** | **तिथि** |
| रास्ता | **पथ,** | **मार्ग** |
| भीतर | **अंदर,** | **गहरा** |
| रेल | **लोहपथ गामिनी**, | **ट्रेन** |

**2. विलोम लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** मुश्किल | **सरल** | शरम | **बेशर्म** |
| भीतर | **बाहर** | दुरुपयोग | **सदुपयोग** |
| निश्चित | **अनिश्चित** | सुविधा | **असुविधा** |

**3. समानार्थक शब्द लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** दरवाजा | **किवाड़** | तकलीफ | **दुःख** |
| भीतर | **अन्दर** | बोझ | **भार** |

***क्रियात्मक-कार्य***

**उत्तर–** स्वयं कीजिए।

## आओ अभ्यास करें

*कहानी से*

**1. मौखिक–**

**उत्तर–** i. छोटू बीमार पड़ गया था।

ii. बच्चों की दुर्गापूजा की छुट्टियाँ पड़ी थीं।

iii. मामी जी ने खाने में टिक्कियाँ, आलू, गर्मा-गर्म चिवड़े मूँगफली और सफेद रसगुल्ले बनाए थे।

**2. उत्तर लिखो–**

**उत्तर–** i. मेले में छोटू नहीं गया।

ii. सभी बच्चों को मेले के लिए बीस-बीस रुपये मिले।

iii. मामा जी के सामने वाले पार्क में हर शाम को ड्रामा होता था और उन्हें मेले में रामलीला तथा दुकानें इत्यादि देखने को मिलता था।

iv. कंचू ने गुलाबी रंग की रेशमी फ्रॉक सिलवाई और ऊँची एड़ी की चप्पलें खरीदी थीं।

v. मेले में चूरन, भेलपूरी, चाट, आइसक्रीम और मूँगफली इत्यादि की दुकानें थी सड़क पर खूब हलचल थी तथा लाउडस्पीकरों पर जोर-जोर से गाने बज रहे थे।

vi. मामा जी ने मिठाई खरीदने की जगह पुस्तकालय के सदस्य बनने की सलाह दी और कहा; नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने से तुम्हारा ज्ञान बढ़ेगा और मनोरंजन भी होगा।

**3. सही विकल्प चुनो–**

**उत्तर–** (क) iv. दुर्गापूजा (ख) i. गुलाबी

(ग) i. पुस्तकालय (घ) ii. दुर्गा जी की

**4. सही या गलत लिखो–**

**उत्तर–** i. गलत ii. गलत

iii. सही iv. सही

**5. रिक्त स्थान भरो–**

**उत्तर–** i. मौसम बदल रहा था और **हल्की-हल्की** ठंड पड़ने लगी थी।

ii. मम्मियों ने **बीस** रुपये ही मेले का रेट बाँध दिया।

iii. दुर्गापूजा की **छुटटियाँ** हो गई थी।

iv. बीस रुपये जमा करके तुम **पुस्तकालय** के सदस्य बन जाओ।

v. रवि की पसंद के सफेद **रसगुल्ले** मेज पर आए।

**6. किसने, किससे कहा?**

**उत्तर–** i. मामी ने रवि से कहा।

ii. रवि ने हेमंत से कहा।

iii. मामा जी ने सभी बच्चों से कहा।

iv. सोनू ने मामा जी से कहा।

v. दादी जी ने सभी बच्चों से कहा।

*भाषा-ज्ञान*

**1. ऐसे शब्द लिखो जिनकी तुक ( अंतिम स्वर ) मिलती हो–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर–** छोटू | — | **मोटू** | पूजा | — | **दूजा** |
| खुशबू | — | **बदबू** | छलती | — | **चलती** |
| चाँद | — | **माँद** | | | |

**2. पर्यायवाची शब्द लिखो–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्तर–** इंतजार | **प्रतीक्षा** | मोटा | **थुलथुल** |
| रुपये | **मुद्रा** | शाम | **साँझ** |
| मनोरंजन | **मौज** | कार्यक्रम | **आयोजन** |

**3. वाक्य शुद्ध करके लिखो–**

**उत्तर–** i. मेले में खर्च करने के लिए बीस रुपये मिले।

ii. कंचू ने गुलाबी रंग की रेशमी फ्रॉक सिलाई थी।

iii. रवि की पसंद के सफेद रसगुल्ले मेज पर आए।

iv. मंदिर में अष्टमी की आरती के घंटे बजने शुरू हुए।

v. सभी बच्चे दादी के साथ आरती देखने गए।

**4. दशहरे के मेले में आप क्या-क्या करते हैं? चार पंक्तियों में लिखो–**

**उत्तर–** i. दशहरे के मेले में हम रावण, मेघनाथ और कुम्भकरण का पुतला देखते हैं।

ii. रामलीला का आयोजन देखते हैं।

iii. खिलौने खरीदते हैं।

iv. अपनी पसंद की चीजें खाते हैं।

***क्रियात्मक-कार्य***

**1. नीचे दिए गए प्रमुख दिनों की तिथियाँ खोजो और लिखो–**

| | |
|---|---|
| **उत्तर–** महिला दिवस | **8 मार्च** |
| पर्यावरण दिवस | **5 जून** |
| गांधी जयंती | **2 अक्टुबर** |
| श्रमिक दिवस | **1 मई** |
| गणतंत्र दिवस | **6 जनवरी** |
| शिक्षक दिवस | **5 सितंबर** |

**2.** स्वयं कीजिए।

**3.** स्वयं कीजिए।